
सुविचार



ऐसे कार्य करें जिससे कि आपको लगे कि आपके काम से अंतर आ रहा है और अंतर आता भी है।

-विलियम जेम्स

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, सोमवार, 20 अप्रैल 2026



लखनऊ के प्रमुख समाचार

- किशोरी की हत्या कर इंदिरा कैनाल पटरी पर फेंका शव II
- भगवान परशुराम की आरती उतारी और लगाया भोग III
- लविवि ओल्ड कैंपस के प्याऊ-वाटर कूलर का पानी खतरनाक! IV


## शहर में आज



- जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-7 स्थित आश्रयहीन योजना के भवानी मार्केट में एलडीए का ओटीएस शिविर- 10:00 बजे से।
- मां संकटा देवी मन्दिर, रानी कटरा चौपटिया में विजय प्रदोष मंडल और संकटा देवी मंदिर ट्रस्ट की ओर से वैदिक विधि विधान से ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार- 10:00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता का फीस बढोत्तरी के खिलाफ प्रदर्शन- 11:00 बजे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएसयूआई कार्यकर्ता फीस बढोत्तरी वापस लेने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना- 2:00 बजे से।

दारुलशफा के ए ब्लॉक कॉमन हाल में मूलवासी कश्यप निषाद गोंड जन उत्थान समिति की ओर से स्तरीय मंडलीय सम्मेलन- 3:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### अटल नगर के फ्लैटों का पंजीयन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम 'अटल नगर योजना' के 630 फ्लैटों के लिए पंजीकरण का 18 अप्रैल से पोर्टल खोल दिया है। एक माह तक लोग फ्लैटों का पंजीयन करा सकते हैं। योजना में 1 बीएचके के 539 एवं 2 बीएचके के 91 फ्लैटों का पंजीयन खोला गया है। पंजीकरण सिर्फ एलडीए की वेबसाइट से किए जाएंगे। इसके बाद आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

### ऐशबाग स्क्वायर के पंजीयन 30 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ऐशबाग स्क्वायर अपार्टमेंट के पंजीकरण का 30 अप्रैल तक पोर्टल खोला है। इस रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में लगभग 1900 वर्गफिट के कुल 384 प्रीमियम फ्लैट का पंजीयन कराए जा सकते हैं। पंजीकरण सिर्फ एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से कराया जा सकेगा। फ्लैट के अनुमानित मूल्य की 5 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी होगी, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत है।

### पुरानी योजनाओं का सर्वेक्षण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उप्र शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत चार दशक पुरानी योजनाओं का सर्वे शुरू कर दिया है। पहले चरण में पेपर मिल कालोनी, कानपुर रोड सेक्टर-जी व वजीर हसन रोड पर वर्षों पुरानी मल्टीस्टोरी भवन चिह्नित किए हैं। इन भवनों का री-डेवलपमेंट (पुनर्विकास) किया जाएगा। दूसरे चरण में अन्य योजनाएं चिह्नित करके सर्वे करके प्लान तैयार किया जाएगा। वजीर हसन रोड, पेपर मिल कालोनी व कानपुर रोड योजना सेक्टर-जी में वर्षों पहले निर्मित मल्टीस्टोरी भवनों के री-डेवलप का सर्वे शुरू हो गया है। टीमों द्वारा प्रस्ताव भी बनाए जाने लगे हैं। हजरतगंज में वजीर हसन रोड पर वर्ष 1988 में मल्टीस्टोरी भवनों का निर्माण कराया गया था। जो अब जर्जर हो चुकी है। इसी तरह कानपुर रोड योजना के सेक्टर-जी में वर्ष 1990 में लगभग एक हजार डबल स्टोरी भवन निर्मित किए गए थे।

### पाठशाला में सब्जियों का रूप धरकर बच्चों ने मोहा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदर सेवा संस्थान की ओर से संचालित चबूतरा थियेटर पाठशाला का आयोजन रविवार को तकरोही स्थित वाल्मीकि पार्क में किया गया। कला और अभिनय के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने के उद्देश्य से यह पाठशाला लगाईं गई। कार्यशाला का संचालन फिल्म और रंगमंच अभिनेता महेश चन्द्र कर रहे हैं। महेश चंद्र देवा ने बच्चों को फल और सब्जी समूहों में बांट कर उन्हें रचनात्मक नाटक सिखाए। उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को मंच का सही उपयोग, संवाद अदायगी और हाव-भाव की बारीकियां समझाईं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य चबूतरा थिएटर के माध्यम से गली-मोहल्लों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना है। नाटक केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और एकाग्रता बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

# पटरी दुकानदारों का कराया जाएगा सर्वे, वेंडिंग जोन में मिलेगी जगह

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय
- पटरी दुकानदारों का नगर निगम में कराया जाएगा पंजीयन
- कमेटी की बिना अनुमति नहीं हटाए जाएंगे वेंडिंग जोन

**अमृत विचार :** नगर निगम जल्द ही शहर में पटरी दुकानदारों का सर्वे कराएगा। चिन्हित दुकानदारों का पंजीकरण कराकर वेंडिंग जोन में जगह दी जाएगी।

पहले से निर्धारित वेंडिंग जोन नहीं हटाए जाएंगे। यदि आवश्यक हुआ तो कमेटी की अनुमति ली जाएगी। ये निर्णय रविवार को राजकुमार हॉल में हुई टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में लिया गया।

दरअसल नगर निगम ने राजाजीपुरम और आलमबाग में लोकबंधु अस्पताल के पास वेंडिंग जोन कमेटी की अनुमति के बिना हटा दिए थे। जिसका पटरी दुकानदार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बैठक में विरोध किया। बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि वहां मॉडल वेंडिंग जोन बनाकर पटरी दुकानदारों को जगह दी जाएगी।

ये भी तय हुआ कि नगर निगम सीमा में 50 साल से पुराने बाजार हैरिटेज मार्केट घोषित किए जाएंगे। इनमें अमीनाबाद, चारबाग, भूतनाथ मार्केट, निशातगंज आदि शामिल हैं। शहर के बाजारों का सर्वे करके इन्हें चिन्हित किया जाएगा। इन बाजारों में दुकानें लगा रहे पटरी दुकानदारों को नहीं हटाया जाएगा। मॉडल वेंडिंग जोन बनाकर उन्हें वहीं जगह दी जाएगी।

बैठक में समस्त जोनल अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, यातायात आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी और पटरी दुकानदारों के 12 में से 11 कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

### पटरी दुकानदारों का वार्षिक किराया नहीं बढ़ेगा

■ नगर निगम में अभी लगभग 14 हजार पटरी दुकानदारों का रजिस्ट्रेशन है। इनसे नगर निगम वेंडिंग जोन का वार्षिक किराया 7200 रुपये लेता है। पटरी दुकानदारों के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में अधिकारियों ने इसे बढ़ाकर 18,000 रुपये वार्षिक करने का प्रस्ताव रखा, जिसे पटरी दुकानदारों के प्रतिनिधियों ने बढ़ाये जाने से मना कर दिया। नगर निगम की ओर से किराया जमा न करने वालों पर जुर्माना लगाने के प्रस्ताव पर प्रतिनिधियों ने कहा कि ऑनलाइन पैसा जमा करने की व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही मासिक, त्रैमासिक, छमाही और वार्षिक शुल्क जमा करने की सुविधा दी जाए।

## विधायक ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** बढ़े बिजली बिल और बार-बार बिजली कटौती से नाराज महिलाओं ने शनिवार को मनकामेश्वर वार्ड के पार्षद रंजीत सिंह का घेराव किया था। रविवार को पार्षद ने समस्या के निस्तारण के लिए विधायक नीरज बोरा को पत्र लिखा। पार्षद के पत्र को संज्ञान में लेते हुए विधायक की ओर से समस्या के हल के लिए ऊर्जामंत्री एके शर्मा को पत्र लिखा गया।

# अक्षय तृतीया पर 150 करोड़ का कारोबार

## महंगाई के कारण हल्की ज्वैलरी की गई ज्यादा पसंद, 55 करोड़ का सोना और 6 करोड़ की चांदी बिकी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 1500 से अधिक वाहन बिकने का अनुमान

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीय पर शहर में करीब 150 करोड़ का कारोबार हुआ। शुभ मुहूर्त पर लोगों ने 55 करोड़ का सोना और करीब 6 करोड़ की 200 किलो चांदी की खरीदारी की। इसके 100 करोड़ से अधिक के कपड़ा, इलेक्ट्रानिक उपकरण और वाहन भी बिके। 1500 से अधिक वाहन बिकने का अनुमान है। व्यापारियों के अनुसार सोने और चांदी की कीमत ज्यादा होने के कारण ग्राहकों ने हल्की ज्वैलरी ज्यादा पसंद की। 18 से 22 कैरेट की ज्वेलरी ज्यादा बिकी। अक्षय तृतीया पर ही शादी की सहालग की खरीदारी भी की गई।

सोने और चांदी के दाम बढ़ने के कारण सहालग की खरीदारी करने वाले ग्राहकों सोने की जगह चांदी की ज्वेलरी पहली पसंद बन गई। चौक सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदीश जैन ने बताया कि 24 कैरेट सोने का दाम 1,58,200 रुपये प्रति दस ग्राम और 22 कैरेट का दाम 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अक्षय तृतीया पर लोगों ने सोने की 18 और 22 कैरेट की लाइट ज्वेलरी ज्यादा पसंद की। ग्राहकों ने चांदी के सिक्के और गहने खूब खरीदे। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे से देर रात तक बाज़ार में भीड़ बनी रही। 2.56 लाख प्रति 10 ग्राम होने के बाद भी चांदी खूब बिकी। इनमें सिक्कों के साथ चांदी के बर्तन, पायल, बिछिया आदि शामिल है।





अक्षय तृतीया पर आलमबाग और अमीनाबाद के सर्राफा बाजार की दुकानों में ज्वैलरी पसंद करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### रेडीमेड गारमेंट, लहंगा और साड़ी की दुकानों पर भी रही भीड़

■ अमीनाबाद, भूतनाथ मार्केट, हजरतगंज, पत्रकारपुरम, गणेशगंज आदि बाजारों में रेडीमेड गारमेंट से लेकर लहंगा, साड़ी आदि खूब बिका। श्रीराम रोड स्थित स्वदेशी मार्केट के महामंत्री और कपड़ा कारोबारी प्रभू जालान ने बताया कि अक्षय तृतीय के साथ ही सहालग का सीजन शुरू हो जाने से बाजार में रौनक रहेगी। रविवार को कपड़ा बाजार में 10,000 से लेकर 1 लाख कीमत का लहंगा बिका। इसके अलावा साड़ी, चादर, परदा, रेडीमेड गारमेंट और ब्रांडेड आइटम पर छूट का ऑफर दिया गया।



अक्षय तृतीया पर खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़।

# गोमतीनगर से कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- दो फेरों के लिए 22 और 29 अप्रैल को होगा संचालन

**अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने गोमती नगर से वाया गोरखपुर कोलकाता तक ग्रीष्मकाल विशेष ट्रेन चलाएगा। ये ट्रेन दो फेरों के लिए ही चलाई जाएगी। 05064 गोमती नगर-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 और 29 अप्रैल को गोमती नगर से सुबह 08:40 बजे रवाना होगी। यह गाड़ी गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे, हाजीपुर, बरौनी, झाझा, जसीडीह, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल और नैहाटी जैसे प्रमुख स्टेशनों से होते हुए अगले दिन दोपहर 13:10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में 05063 कोलकाता-गोमती नगर विशेष ट्रेन 23 और 30 अप्रैल को कोलकाता से दोपहर 15:20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन समान प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन शाम 18:30 बजे गोमती नगर पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन के संचालन से उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।



### आज और कल जानकीपुरम विस्तार में ओटीएस कैंप

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए 20 व 21 अप्रैल को जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-7 स्थित आश्रयहीन योजना, भवानी मार्केट में एकमुश्त ओटीएस कैंप लगाएगा। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि डिफॉल्टर आवंटी कैंप में ओटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। विशेष कार्याधिकारी वंदना पांडेय की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त ओटीएस-2026 के लिए प्राधिकरण भवन में स्थापित विशेष हेल्प डेस्क भी संचालित रहेगी। ओटीएस के अंतर्गत आवेदन करने वाले सभी बकायेदार आवंटियों को दंड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज से छूट मिलेगी।

# आधार ऐप से घर बैठे बदलें मोबाइल नंबर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूआईडीएआई की नई सुविधा से अपडेट करना हुआ आसान

**अमृत विचार:** आधार से जुड़े मोबाइल नंबर को अपडेट अब आसान हो गया है। यूआईडीएआई की नई डिजिटल सुविधा से घर बैठे आधार में दर्ज मोबाइल नंबर अपडेट किया जा सकेगा।

यूआईडीएआई का नया आधार ऐप एंड्राएड और आईओएस दोनों में डाउन लोड किया जा सकता है। ऐप पर आधार नंबर के जरिए लॉगिन करना होगा। लॉगिन करने पर वेरीफिकेशन के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। कुछ मामलों में फेस ऑथेंटिकेशन जैसे अतिरिक्त विकल्प भी हैं। ऐप में लॉगिन करने के बाद होम स्क्रीन पर कई सेवाएं दिखेंगी। इसमें अपडेट मोबाइल नंबर विकल्प चुनकर नया मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। नए नंबर पर ओटीपी आएगा। ओटीपी को दर्ज कर वेरिफिकेशन पूरा होने के बाद सही भरकर रिक्वेस्ट सबमिट करें। इसके लिए 75 रुपये शुल्क भी देना होगा। सबमिशन के बाद अपडेट रिक्वेस्ट नंबर (यूआरएन) मिलेगा, जिसपर स्टेटस ट्रैक कर सकेंगे। आमतौर पर यह प्रक्रिया कुछ दिनों में पूरी हो जाती है और अपडेट होने पर एसएमएस के जरिए सूचना मिलती है। जीपीओ सीपीएम राजेश कुमार ने कहा कि किसी तरह के फ्राड से बचने के लिए आधिकारिक ऐप या वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें।

## खंभा गिरने से 50 घरों की बिजली आपूर्ति ठप

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के पॉश इलाके गोमती नगर गीतापुरी खरगापुर क्षेत्र, वर्धान अकैडमी के पास में रविवार सुबह बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां अचानक एक बिजली का खंभा गिरने से आसपास के लगभग 50 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खंभा गिरते ही बिजली के तार सड़क पर बिखर गए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और बड़ा हादसा होते-होते बच गया। घटना के बाद इलाके में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सप्लाई के बाधित होने से गर्मी में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई घरों में इन्वर्टर और अन्य वैकल्पिक साधन भी जवाब दे गए। लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायतें की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।





### 41.9 डिग्री के साथ रविवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन

■ अमृत विचार, लखनऊ : शहर में पारा दिन पर दिन चढ़ने लगा है। रविवार को इस जीवन का सबसे गर्म दिन रहा। सुबह से निकली कड़ी धूप के बीच रविवार को दिन का तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जो सामान्य से करीब 3.4 डिग्री अधिक है। दिन के साथ अब रात में भी गर्मी बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान रविवार को 24.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक रहा। रविवार को अवकाश का दिन होने के कारण लोगों की आवाजाही कम रही। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छा गया। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकले। मौसम विभाग ने 3-4 दिनों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान लगाया है। इसके साथ ही लू चलने की संभावना जताई है।

शोध | ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के शोधार्थी ने खोजी दवा

# हाइड्रोजेल ड्रेसिंग से घाव तेजी से भरेंगे, संक्रमण भी नहीं होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानव शरीर का दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध अब वैश्विक स्वास्थ्य संकट के रूप में उभर रहा है। जिसे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस कहा जाता है, इसके कारण सामान्य संक्रमण भी जटिल और गंभीर रूप ले लेते हैं। जिससे उपचार की प्रक्रिया लंबी और कठिन हो जाती है। इस चुनौती से निपटने के लिए ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के शोधार्थी ने अभिनव उपाय खोज निकाला है। जिसे जर्नल ऑफ मटेरियल्स केमिस्ट्री बी (रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, इम्पैक्ट फैक्टर: 5.8) में प्रकाशित किया गया है।

विशेष रूप से संक्रमित घावों के उपचार में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। ऐसे परिदृश्य में यह शोध एक प्रभावी और नवाचारी समाधान प्रस्तुत करता है। शोधार्थी डॉ. कुणाल अगम ने घाव को तेजी से भरने और किसी भी प्रकार के संक्रमण से मुक्त रखने के लिए हाइड्रोजेल विकसित किया है। जिससे एंटीबैक्टीरियल प्रभाव, उच्च जैव-संगतता (बायोकम्पैटिबिलिटी) और तेज घाव भरने की क्षमता प्रदर्शित की है। फार्मेसी संकाय के इस शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार भी कर लिया गया है।

### कैसे काम करेगी दवा

■ शोध के दौरान उन्नत प्रकार का डुअल फंक्शनल हाइड्रोजेल ड्रेसिंग विकसित की गई है। जिसमें ग्रैमिसिडिन डी (एक रोगाणुरोधी पेप्टाइड) और ट्रेहेलोज़ (एक संरक्षक शर्करा) का संयोजन किया गया है। यह हाइड्रोजेल न केवल संक्रमण पैदा करने वाले जीवाणुओं को प्रभावी रूप से नियंत्रित करता है, बल्कि घाव के ऊतकों को सुरक्षित रखते हुए उनके पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को भी तीव्र करता है। यह तकनीक विशेष रूप से दीर्घकालिक (क्रोनिक) संक्रमित घावों जैसे डायबिटिक अल्सर व अन्य जटिल घावों के उपचार में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है।



डॉ. कुणाल

### मातृ मृत्यु दर घटाने में क्लिनिकल प्रोटोकॉल का पालन जरूरी : प्रो. अविनाश

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** देश में मातृ मृत्यु दर आज भी एक गंभीर चुनौती है। इसका प्रमुख कारण क्लिनिकल प्रोटोकॉल और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच का अंतर है। यह बात किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. अविनाश अग्रवाल ने ऑब्स्टेट्रिक क्रिटिकल केयर विषय पर आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि कई मामलों में समय पर पहचान और उचित उपचार न मिलने से जटिलताएं बढ़ जाती हैं, विशेषकर सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में। ऐसी परिस्थितियों में अर्ली वार्निंग स्कोरिंग सिस्टम बेहद उपयोगी है, जो मरीज की स्थिति बिगड़ने के शुरुआती संकेतों को पहचानकर समय रहते उपचार शुरू करने में मदद करता है। प्रो. बीके ओझा, अंजू अग्रवाल, डॉ. सुलेखा सक्सेना और डॉ. शुचि आदि विशेषज्ञों ने गर्भावस्था या प्रसव के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ने जैसे ब्लड प्रेशर गिरना या अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति में पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड (पीओसीयूएस) को एक प्रभावी तकनीक बताया। इसके माध्यम से हृदय, रक्त प्रवाह और शरीर की अन्य स्थितियों का तुरंत आकलन कर शॉक के कारण का पता लगाया जा सकता है, जिससे इलाज अधिक सटीक और समयबद्ध हो पाता है। विशेषज्ञों के अनुसार शॉक के प्रबंधन में सही समय पर फ्लूड देना, आवश्यकता अनुसार वेसोप्रेसर का उपयोग और कारण के अनुसार उपचार करना अत्यंत आवश्यक है। इन उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन से मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।



दीप प्रज्ज्वलन के समय मौजूद प्रो. अविनाश अग्रवाल, प्रो बीके ओझा व अन्य।

## डेढ़ साल से अटकी आयुष डॉक्टरों की भर्ती

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी अस्पतालों में संचालित आयुष यूनिटों में डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया करीब डेढ़ साल से अटकी है। स्वास्थ्य विभाग इसकी प्रक्रिया पूरी कराने में कोई रूचि नहीं ले रहे है। जबकि, प्रदेश के कई जिलों में इसकी प्रक्रिया बहुत पहले ही पूरी कराई जा चुकी है। एनएचएम ने दिसंबर 2024 में 21आयुर्वेद डॉक्टरों की भर्ती का फैसला लिया था। इतने पदों के लिए 2,200 आवेदन आए थे, जिनकी जांच के बाद 420 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल करने का फैसला लिया गया था। प्रक्रिया पूरी होने में लगातार कुछ न कुछ अड़चने आती रहीं। जिसे स्वास्थ्य विभाग सुलझाने के प्रयास करने का दावा कर रहा है। आवेदक लगातार सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि अफसरों के नए निर्देश मिलते ही जल्द ही साक्षात्कार की डेट तय कर दी जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट 3 जून से

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसोचैम उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन की देखरेख में 3 जून से इंटर कॉरपोरेट टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट का आयोजन होगा। लखनऊ के लुलु मॉल स्थित फंटूरा बॉलिंग एरिना में होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। विजेताओं को नकद पुरस्कार और चैंपियनशिप ट्रॉफी दी जाएगी। महिला प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। एसोचैम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह, एसोचैम स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन सुधांशु श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश में टेनपिन बॉलिंग को बढ़ावा देना है।

### कृष्णानगर में युवती से सरेराह छेड़छाड़

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि 16 अप्रैल की शाम करीब आठ बजे राजाजीपुरम निवासी रजा अब्बास ने घर के करीब बेटी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने धमकाया। शोर मचाने पर आरोपी धमकाते हुए फरार हो गया। आरोप है कि आरोपी लगातार पीड़िता पर मिलने का दबाव बनाकर परेशान कर रहा है। परेशान होकर पीड़ित बेटी को लेकर मां 17 अप्रैल को कृष्णानगर कोतवाली पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रजा अब्बास के खिलाफ छेड़छाड़ व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो के खाते से उड़ाए 2.23 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी के काजीखेड़ा निवासी 20 वर्षीय कंचन का बैंक ऑफ इंडिया काकोरी व बैंक ऑफ बड़ौदा दशहरी खाता में है। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाज ने 14 अप्रैल को उनके खाते से चार बार में 1,49,696 रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख पीड़िता के होश उड़ गए। बैंक में शिकायत करने के बाद पीड़िता कंचन ने काकोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट के नीलमथा शारदानगर निवासी कैलाश गुरुंग ने बताया कि फेसबुक पर गाड़ी का सामान खरीदने का एक पेज देखा। संपर्क करने पर जालसाज ने बातों में फंसाया। उसके बाद कई बार में 73,100 रुपये ट्रांसफर करा लिए। डिलीवरी नहीं होने पर पीड़ित ने कॉल की तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी हे।

### रिक्शे पर मिला अधेड़ का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग में रविवार सुबह एक अधेड़ रिक्शे पर मृत मिला। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कैसरबाग पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि अधेड़ रिक्शा चलाता था। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जानकीपुरम में वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार किया है। आरोपी सिद्धार्थ जोशी जानकीपुरम सेक्टर-3 का रहने वाला है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी सिद्धार्थ के खिलाफ 2021 में एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पेशी पर न जाने पर कोर्ट ने आरोपी का वारंट जारी हुआ था।

### बंद मकान में हुई लाखों की चोरी

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र के ग्राम रनमऊ मजरा गौरियाकलां में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित इम्तियाज अली ने बताया की वह गुरुवार रात परिवार सहित निमंत्रण में गए थे। शुक्रवार की सुबह करीब 3 बजे लौटने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा पड़ा था और अलमारी का सामान अस्त-व्यस्त था। पीड़ित ने बताया कि चोर करीब 35 हजार रुपये और लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। गोसाईंगंज पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### इटौंजा में दो टप्पेबाज गिरफ्तार किए गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** इटौंजा पुलिस ने दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से ठगे गए टॉप्स बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर सोबरन सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि आरोपियों ने दोगुना करने का झांसा देकर टॉप्स ऐंठ लिए थे। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी मो. शकील निवासी कोतवाली बाराबंकी और मोहम्मद सुभान निवासी देवा बाराबंकी को महौना नहर पुलिया के पास से रविवार को गिफ्तार कर लिया।



### चारबाग में 14 दिन बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**अमृत विचार लखनऊ :** चारबाग रेलवे स्टेशन और आसपास की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस ने 14 दिन के लिए नया प्रयोग किया है। इसके तहत प्रमुख मार्गों पर व्यवस्था में बदलाव किया है। सोमवार को इस प्रयोग के परीक्षण का पहला दिन है। प्रयोग सफल रहा तो इस व्यवस्था को आगे भी लागू किया जाएगा। डीजीपी यातायात रवीना त्यागी ने जाम से राहत दिलाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने शहर के 12 प्रमुख मार्गों (175 किलो मीटर) को चिह्नित किया गया है। जहां जाम की समस्या अधिक रहती है। इनमें चारबाग चौराहा तीन प्रमुख रूट कमता, जुनाबगंज और कानपुर रोड से जुड़ा होने के कारण सबसे संवेदनशील है। इसी कारण सबसे पहले रविवार को यहां विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत आलमबाग से चारबाग जाने वाले वाहन अब रविंद्रालय तिराहे से सीधे दाहिने नहीं मुड़ सकेंगे। उन्हें केकेसी के पास यू-टर्न लेकर रविंद्रालय तिराहे से बाएं मुड़कर चारबाग जाना होगा। वहीं, चारबाग रेलवे स्टेशन से निकलने वाले वाहन रविंद्रालय तिराहे से बाएं मुड़कर गुप्ता तिराहे से यू-टर्न लेकर अपने गंतव्य जा सकेंगे।



### सवारी वाहन खड़े करने पर रोक, वेंडिंग जोन किया गया पीछे

पुलिस उपायुक्त यातायात रवीना त्यागी के मुताबिक यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए डायवर्जन वाले क्षेत्रों में सवारी वाहन खड़े करने पर रोक लगा दी गई है। साथ ही वेंडिंग जोन को भी पीछे खिसका दिया गया है। हर प्रमुख मोड़ पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जो आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी कर जाम नहीं लगने देंगे। डीसीपी के मुताबिक सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को तुरंत टो किया जाएगा। स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों को माइक के जरिए नई व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है। थ्री-व्हीलर एसोसिएशन के साथ बैठक कर उन्हें नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। व्यवस्था लागू होने के बाद से उच्चाधिकारी समय-समय पर व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे और जो भी कमियां सामने आएंगी, उन्हें दूर किया जाएगा। प्रयोग सफल हुआ तो इसे स्थायी रूप से लागू करने पर विचार किया जाएगा, जिससे चारबाग क्षेत्र में यातायात और अधिक सुगम हो सके। साथ ही अन्य मार्ग पर भी नई व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

### फंदा लगाने वाले युवक की शिनाख्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर के मानस गढ़ी इलाके में दो दिन पहले युवक ने पेड़ में रस्सी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार सुबह मृतक के परिजन ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की। परिजन के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मूल रूप से बाराबंकी के किन्तूर गांव निवासी रामकिशन किसान है। बड़े बेटे देशराज ने बताया कि छोटा भाई राजेश (30) करीब छह-सात माह पहले काम के लिए लखनऊ आया था। तब से राजेश से कोई बातचीत नहीं हुई। शनिवार को इंदिरानगर के मानस गढ़ी निवासी धीरज बाराबंकी गांव पहुंचे। वहां बताया कि राजेश की तबीयत खराब है। यह सुनते ही परिजन लखनऊ पहुंचे। परिजन जब इंदिरानगर थाने गए तो पुलिस ने राजेश के आत्महत्या करने की जानकारी दी। साथ ही मोबाइल पर उसकी फोटो दिखाई। परिजनों ने राजेश की पहचान की।

# किशोरी की हत्या कर इंदिरा कैनाल पटरी पर फेंका शव

## चिनहट से चार दिन पहले हुई थी लापता, परिजन पर हत्या का शक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट के धावा इलाके से चार दिन पूर्व लापता हुई किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में बाराबंकी के बड्डूपुर स्थित इंदिरा कैनाल की पटरी पर मिला। पुलिस ने चिनहट पुलिस से संपर्क कर जानकारी दी। पुलिस ने परिजन के साथ पहुंचकर शिनाख्त की। बाराबंकी में हुए पोस्टमार्टम में किशोरी की गमछे से गला घोंटकर हत्या करने की पुष्टि हुई। पुलिस इस मामले में किशोरी के पिता और करीबियों पर हत्या का संदेह जाहिर किया है। पुलिस के मुताबिक हत्याकांड में ऑनर किलिंग समेत कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

चिनहट पुलिस के मुताबिक बाराबंकी के बड्डूपुर इलाके में इंदिरा कैनाल पटरी पर बाबा की कुटी के पास 15 अप्रैल की सुबह 10 बजे किशोरी का शव पड़ा मिला। किशोरी का गला गमछे से कसा हुआ था। चेहरे पर केमिकल पड़ा था। इसके बाद भी चेहरा साफ दिख रहा था। बड्डूपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी मनोज सोनकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने मौके पर छानबीन करके साक्ष्य जुटाये। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। किशोरी के शव की शिनाख्त न होने के कारण उसका पोस्टमार्टम 18 अप्रैल को बड्डूपुर पुलिस ने बाराबंकी में कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर या कसकर हत्या की पुष्टि हुई है। बड्डूपुर पुलिस ने किशोरी के शव का अंतिम संस्कार भी लावारिस में ही कर दिया। क्योंकि तब तक शिनाख्त नहीं हुई थी।

### आईजीआरएस पर की थी लापता होने की शिकायत

चिनहट के धावा निवासी व्यक्ति ने इस संबंध में 14 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज न कराकर मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की। जिसमें बेटी के संदिग्ध परिस्थिति में लापता होने की बात कही थी। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मामले की जांच शनिवार को कोतवाली पहुंची। जांच के दौरान उन्हें पता चला कि एक किशोरी का शव बाराबंकी के बड्डूपुर इलाके में इंदिरा कैनाल की पटरी पर मिला था। पोस्टमॉर्टम में उसकी हत्या की पुष्टि हुई है। चिनहट पुलिस ने बड्डूपुर पुलिस से संपर्क किया। बड्डूपुर पुलिस ने किशोरी के शव की फोटो चिनहट पुलिस को भेजी। फोटो देख कर चिनहट पुलिस ने शव की शिनाख्त किशोरी के रूप में ही की। इसके बाद चिनहट पुलिस ने परिजन को फोटो और कपड़े दिखाए। उन्होंने भी शव की शिनाख्त कर ली है।

### ऑनर किलिंग का संदेह

चिनहट पुलिस जांच के दौरान किशोरी के घर पहुंची। परिजन से बातचीत की। इसके बाद आसपास के लोगों से भी बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक आसपास के लोगों ने चिनहट पुलिस को बताया कि किशोरी को पिता के साथ जाते हुए देखा गया था। पुलिस ने इस मामल में पिता से पूछताछ शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक पिता बार-बार अपना बयान बदल रहा है। किशोरी की हत्या के पीछे पिता और करीबियों पर संदेह है। पुलिस ऑनर किलिंग समेत कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### नरही में परचून विक्रेता ने की खुदकुशी

**अमृत विचार:** हजरतगंज में शनिवार देर रात परचून विक्रेता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह परिजन ने अधेड़ को फंदे से लटका देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरही निवासी अमित जायसवाल (54) पिता संग परचून दुकान संभालता था। शनिवार रात वह परिवार के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए। रविवार सुबह देर तक नहीं जगे तो परिवार के लोग उन्हें बुलाने पहुंचे। परिजन ने कमरे में अमित का शव दुपट्टे से फंदे के सहारे लटका देखा।

# झांसा देकर अंसल ने हड़पे 4.47 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रोजेक्ट लटकने पर वापस मांगे रुपये तो 13 साल टरकाया
- पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** हाईटेक आवासीय योजना के नाम पर अरबों का फर्जीवाड़ा करने वाले अंसल निदेशकों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज हुई है। संतकबीरनगर के पीड़ित ने 4.47 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है एग्रीमेंट के बाद भी आरोपियों ने फ्लैट का निर्माण नहीं कराया। ब्याज संग रुपये वापसी का आश्वासन दिया लेकिन 13 साल तक टालमटोल की। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

संतकबीरनगर के खलीलाबाद स्थित अचकवापुर निवासी रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि वर्ष 2013 में लखनऊ में प्लॉट लेने के लिए अंसल में संपर्क किया था। बातचीत के दौरान अंसल कर्मियों ने बसेरा एंक्लेव में 2250 रुपये स्क्वॉयर फीट रेट बताया था। जिसके बाद पीड़ित ने दूसरे तल पर 663 स्क्वॉयर फीट का फ्लैट बुक कराया था। पीड़ित ने फ्लैट के एवज में किस्तों में 4,47,525 रुपये का भुगतान किया था। उसके बाद कंपनी द्वारा बताया गया कि कानूनी अड़चनों के चलते प्रोजेक्ट फंसा है। मामला सुलझते ही भुगतान और डिमांड पत्र भेज दिया जाएगा। सालों तक टालमटोल के बाद पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो फंड दूसरे प्रोजेक्ट में ट्रांसफर कर ब्याज संग लेने की बात कही। पीड़ित रमेश ने अंसल निदेशकों को ब्याज संग रुपये वापसी का पत्र भेजा लेकिन रुपये नहीं मिले। दबाव बनाने पर धमकाया गया। पीड़ित रमेश ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# इलाज के दौरान महिला की मौत पर बवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वृंदावन योजना स्थित वेल्सन हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार :** पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन योजना स्थित वेल्सन हॉस्पिटल में रविवार शाम इलाज के दौरान 31 वर्षीय महिला की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। आक्रोशित परिजनों और अस्पताल कर्मियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है।

फतेहपुर निवासी रंजना तिवारी (31) को ब्रेन हैमरेज होने पर 12 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतका के पति आदित्य तिवारी और चाचा अनूप मिश्रा का आरोप है कि इलाज के नाम पर अब तक करीब सात लाख रुपये जमा कराए जा चुके थे। परिजनों के मुताबिक ऑपरेशन के बाद 24 घंटे में होश आने का दावा किया गया था, लेकिन महिला को होश नहीं आया और इलाज की स्थिति की सही जानकारी भी नहीं दी गई। महिला की रविवार को मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा और रुपये जमा करने की बात कही गई। इस पर विवाद बढ़ गया। परिजनों का आरोप है कि विरोध करने पर अस्पताल कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।



हंगामे के बाद अस्पताल के सामने तैनात पुलिस कर्मी।

अस्पताल के सीजीएम आरएस तिवारी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मरीज ब्रेन हैमरेज से पीड़ित थी और इलाज में कोई लापरवाही नहीं हुई। उनके अनुसार दो लाख रुपये से अधिक का भुगतान बकाया था, जिसे लेकर परिजनों ने हंगामा किया और सुरक्षा कर्मी अंकित मिश्रा के साथ मारपीट की। साउथ सिटी चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भर लिया गया है। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैवलर मालिक व चालक ने युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट के कमता तिराहे पर शनिवार देर शाम हुई घटना
- सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो

**अमृत विचार:** चिनहट के कमता तिराहे पर शनिवार देर शाम कहासुनी होने पर ट्रैवलर मालिक और चालक ने पहले दो युवको को पीटा, फिर समझौते के लिए पुलिस चौके जाते समय 30-40 साथियों संग हमला कर दिया। इसमें तीन युवक घायल हो गए। चिनहट पुलिस ने दो नामजद और 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है

मूलतः गोरखपुर के कौड़ीराम स्थित दुबौली रामनगर दिव्यांश राय इंदिरानगर के सुगामऊ स्थित मानस स्क्वायर में रहते हैं। वह निजी कॉलेज से विधि की पढ़ाई कर रहे हैं। दिव्यांश शनिवार को शिवम के साथ गोरखपुर जाने के लिए ट्रैवलर गाड़ी में सवार हुआ। गाड़ी मालिक राहुल और चालक मोबीन से उनका विवाद हो गया। राहुल और मोबीन ने साथियों के साथ मारपीट की। जिसमें शिवम घायल हो गया। दिव्यांश ने फोन कर अधिवक्ता परम वर्मा, विधि छात्र सूरज और दिलदार को बुला लिया। समझौते के लिए कमता चौकी जा रहे थे। आरोप है कि कमता चौकी के पास राहुल के 30-40 साथियों ने सरिया, धारदार हथियार और असलहे से दिव्यांश व उसके साथियों को दौड़ा कर पीटा। दहशत फैलाने के लिए तीन से चार राउंड फायरिंग भी की और धमकाते, असलहे लहराते हुए भाग गए। हमले में दिव्यांश, दिलदार, सूरज घायल हो गए। सभी का अस्पताल में इलाज हुआ। हालत सामान्य होने पर थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर हमलावर राहुल यादव, मोबीन, दयाशंकर और 30-40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। दोनों पक्षों में मारपीट हुई है।

### चौकी प्रभारी पर हमलावरों की मदद का आरोप

पीड़ित दिव्यांश के मुताबिक कमता चौकी प्रभारी मोहित कुमार हमलावरों से मिले हुए हैं। पुलिस टीम चाहती को हमले के बाद तत्काल आरोपी पकड़ लिए गए होते। पुलिस ने चौकी की पुलिस ने हमलावरों को भगा दिया। हमले के समय मौके पर घंटे भर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोग दहशत में थे।

### बेकाबू कार ने बाइक में मारी टक्कर, दरोगा घायल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार को बेकाबू कार ने बाइक सवार दरोगा को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में दरोगा घायल हो गए। उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मूल रूप से देवरिया जिले के रहने वाले उपनिरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा बिजनौर थाने में तैनात हैं। अरविंद रविवार दोपहर बाद करीब 2:30 बजे बिजनौर थाने से सरोजनी नगर के स्कूटर इंडिया चौराहे की ओर किसी काम से जा रहे थे।

# दोस्तों के साथ नहाने गया युवक गोमती नदी में डूबा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नदी में तलाश के दौरान मौजूद लोग।

- ठाकुरगंज स्थित पीपे वाले पुल के पास हुई घटना
- रात में चला सर्च ऑपरेशन, सुबह बरामद हुआ शव

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज में पीपे वाला पुलस के पास दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूब गया। दोस्त वहां से घर भाग आए और किसी को जानकारी तक नहीं दी। देर रात परिजन ने सख्ती से पूछा तब बताया। इसके बाद रात में ही गोताखारों से तलाश कराई गई लेकिन युवक का पता नहीं चला। सुबह पुलिस ने दोबारा गोताखोर नदी में उतारे तब शव मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को भेज दिया है।

हुसैनगंज स्थित संजोग नगर निवासी मजदूर टिंकू का बड़ा बेटा आदिल (18) बिरयानी की दुकान पर काम करता था। शनिवार दोपहर वह मोहल्ले के लड़कों अरमान, गोलू, असलन समेत छह लोगों के साथ ठाकुरगंज में मेहंदीघाट पीपे वाला पुल के पास गोमती नदी नहाने गया था। देर शाम तक आदिल के घर न आने पर परिजन ने तलाश शुरू कर दी। जानकारी होने पर दोस्तों से पूछा, लेकिन वह गोलमोल बात करने लगे। देर रात परिवारवालों ने दोस्तों को मारपीट कर पूछा तब आदिल के नदी डूबने की जानकारी दी। दोस्तों को लेकर परिजन ठाकुरगंज गोमती नदी पीपे वाले पुल के पास पहुंचे।आदिल का कुछ पता नहीं चलने पर परिजन ने रात करीब 11:30 बजे डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। रात में ही स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतारा गया, लेकिन आदिल का पता नहीं चला। रविवार सुबह पुलिस ने गोताखोरों को दोबारा नदी में उतारा। कुछ देर तलाश के बाद आदिल का शव पीपे वाले पुल के दूसरी ओर मिल गया।

ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि दोस्तों ने बताया कि आदिल के डूबने पर पह डर गए थे इसलिए किसी को कुछ नहीं बताया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। परिजन अगर तहरीर देंगे तो जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**विवाद** — बचाने पर घायल के पिता को भी मारा, पुलिसकर्मियों ने कराया शांत

# मीडिएशन में मांगे पौने दो करोड़, इंकार पर जीजा को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड थाने में पत्नी व साले पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** मीडिएशन के लिए हाईकोर्ट आए पति से पत्नी व साले ने डेढ़ करोड़ रुपये और 30 लाख की एफडी की मांग की। पीड़ित पिता-पुत्र ने उक्त मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। इसपर आरोपी साले ने हाईकोर्ट में भूतल पर लगी लिफ्ट के पास जीजा और उनके पिता को पीटा। आरोप है कि आरोपियों ने गला दबाते हुए गोली मारने की धमकी दी। सीआरपीएफ जवान व पुलिसकर्मियों ने सभी को अलग किया। पीड़ित ने पत्नी व साले के खिलाफ विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कैसरबाग के मछली मोहाल जंबूरखाना निवासी सैफ राशिद ने बताया कि 15 अप्रैल को पिता राशिद अली के साथ हाईकोर्ट स्थित मीडिएशन सेंटर तारीख पर गए थे।इस दौरान उनकी पत्नी सिमरन सिराज और उसका भाई मंसूर उर्फ राज निवासी मछली मोहाल भी आए थे। मीडिएशन के दौरान पत्नी और साले ने डेढ़ करोड़ रुपये और 30 लाख की एफडी करने की मांग की। सैफ और उसके पिता ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई।

इसपर दोनों ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि मीडिएशन के बाद वे पिता संग हाईकोर्ट मल्टीलेवल पार्किंग के भूतल पर लगी लिफ्ट में जाने लगे। इसी दौरान साले मंसूर ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी। पिता ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उन्हें भी पीटा और गला दबाने लगा। इस दौरान पत्नी ने भी बैग से मारा। मारपीट देख सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी व सीआरपीएफ जवान मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर सभी को अलग किया। इसपर आरोपी साले ने गोली मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी पर विभूतिखंड पुलिस पहुंची। पुलिस ने पीड़ित सैफ की तहरीर पर सिमरन सिराज और मंसूर उर्फ राज के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### जीवन साथी पर योग्य वर की तलाश में महिला सीएचओ से ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीवन साथी पर योग्य वर की तलाश में महिला सीएचओ ठगी का शिकार हो गई। खुद को एयरपोर्ट अधिकारी बताने वाले युवक ने उनसे 2.77 लाख रुपये ऐंठ लिए। मूल रूप से उत्तराखंड बागेश्वर निवासी बसंती आर्या विनीतखंड-4 में रहती हैं। वह आयुष्मान आरोग्य मंदिर बखारी गोसाईंगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हैं। उन्होंने शादी के लिए जीवन साथी पर प्रोफाइल बनाई। 20 दिसंबर को उनके पास फोन आया, फोन करने वाले ने अपना नाम सिद्धार्थ अग्रवाल और एयरपोर्ट अथॉरिटी लखनऊ में ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर बताया। सिद्धार्थ का शादी का प्रस्ताव बसंती ने स्वीकार कर लिया। सिद्धार्थ ने 22 दिसंबर 2025 से 13 मार्च 2026 के बीच 52 बार में 2,77,430 रुपये बसंती से ट्रांसफर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# भगवान परशुराम की आरती उतारी और लगाया भोग

## अक्षय तृतीया पर शहर में जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम, हवन-पूजन और भजन संध्या में किया स्तुति गान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अक्षय तृतीय पर शहर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई।

कैंट क्षेत्र स्थित सहसोवीर मंदिर कृष्णा नगर में हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति ने कार्यक्रम आयोजित किया। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया। परशुराम जी के विग्रह का विशेष श्रृंगार कर आरती उतारकर भोग अर्पण किया गया। श्रद्धालुओं ने परशुराम जी से सुख-समृद्धि एवं देश-प्रदेश की उन्नति की कामना की। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी।

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी और उनके पुत्र मयंक जोशी के प्रयासों से निर्मित मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। समिति की उपाध्यक्ष प्रो. जोशी ने परशुराम जी के आदर्शों, धर्म, साहस और न्याय को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल, अलका दास, निर्मला पंत, ऋचा जोशी और रेणुका टंडन की मौजूद रहीं। हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क के निकट हनुमान मंदिर के समीप आखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम आयोजित किया। यहां हवन पूजन कर भगवान परशुराम को नमन किया गया।




अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम मंदिर में पूजन के दौरान रीता बहुगुणा जोशी, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य और जीपीओ पार्क के निकट हनुमान मंदिर में हवन करते आखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी।

### विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया आचार्यों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** परशुराम जयंती पर रविवार को पुरनिया स्थित विधायक कार्यालय में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले आचार्यों, संतों एवं विद्वानों का पूजन और सम्मान किया गया। विधायक डॉ. नीरज बोरा एवं वत्सल बोरा ने भगवान परशुराम का पूजन कर आचार्यों से आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्यों ने डॉ. नीरज बोरा को भी फरसा और धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया। सीतावल्लभ कुंज, अयोध्या धाम स्थित बड़े हनुमान मंदिर के स्वामी ब्रम्हेश जी महाराज, विंध्याचल मंदिर के आचार्य सूर्य कुमार तिवारी, नागेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी सहित रामनारायण मिश्र, सतीश मिश्र, कृपाशंकर मिश्र, शैलेन्द्र शर्मा 'अटल', प्रदीप मिश्र, लवकुश त्रिवेदी, अनुज द्विवेदी, दयाशंकर पाण्डेय एवं पं. नवल किशोर त्रिपाठी सहित अनेक विप्रजन, विभिन्न मंदिरों के पुजारी एवं संतजन उपस्थित रहे।



विधायक डॉ. नीरज बोरा को फरसा और धार्मिक पुस्तक भेंट कर सम्मानित करते आचार्य। अमृत विचार

### बटुकों का उपनयन संस्कार हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ:** अक्षय तृतीया के अवसर पर लेटे हुए हनुमान मंदिर समिति की ओर से कपीश्वर वैदिक गुरुकुल के नवप्रवेशित बाल ब्रह्मचारी 51 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया। अखिल भारतीय ब्रह्म समाज ने अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर परिसर में 135 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया। गुरुकुल प्रमुख डॉ. विवेक तांगड़ी का मानना है कि वेद विद्या पर किसी एक विशेष वर्ण का अधिकार नहीं है बल्कि ये सभी सनातन को मानने वाले वर्णों के लिए सुलभ है। जूना अखाड़े से स्वामी परमानंद गिरि, क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पंकज सिंह भदौरिया,, गौड़ ब्राह्मण सभा के ऋद्धि किशोर गौड़, खत्री सभा से अजय मेहरोत्रा, इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी अलकेश सोती, अग्रवाल सभा लखनऊ से आशीष अग्रवाल, पंजाबी एसोसिएशन से सुरेंद्र सूदन श्रद्धालु मौजूद रहे।

### डालीगंज जैन मंदिर में बांटा इक्षु रस

**अमृत विचार, लखनऊ:** अक्षय तृतीया पर दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन समाज ने तीर्थंकर ऋषभदेव के प्रथम आहार दिवस पर गन्ने के रस (इक्षु रस) का वितरण किया। डालीगंज मंदिर अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद ने के आयोजन में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपर्णा कुमार मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने ऋषभदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। परिषद के अध्यक्ष आदीश कुमार जैन, महामंत्री रीतेश जैन (पुस्तक वाटिका), कार्याध्यक्ष वीर कुमार जैन, मंत्री वीर कुमार जैन, राजू जैन, मीडिया प्रभारी पारस जैन एडवोकेट, चारू जैन, अनंतमती बाई, रूबी जैन, बिब्बो जैन, स्मृति जैन, सीमा जैन, शैली जैन, रेशू जैन और मीनू जैन मौजूद रहे। गोमतीनगर जैन मंदिर में शुरुआत ऋषभदेव के अभिषेक और विशेष शांतिधारा से हुई। मुख्य शांतिधारा पीसी जैन एवं डॉ. सारांश जैन के परिवार ने की। मंदिर के मंत्री आलोक जैन ने अक्षय तृतीया के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. सारांश एवं डॉ. तनुप्रिया जैन परिवार ने श्रद्धालुओं को इक्षु रस वितरित किया। संदीप जैन, रचित, अमित, विनय कपूर, जय कुमार, प्रकाश चंद, राकेश और दीपक मौजूद रहे।



जैन मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

## सिटी ब्रीफ


### गोमती नदी की सफाई कराने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को अभियान चलाकर गोमती नदी से 7 क्विंटल कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी-देवताओं की मूर्तियां नदी से बाहर निकालीं। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने सुबह 5:30 बजे हनुमान सेतु के निकट झूलेलाल पार्क के पास नदी तट पर दो घंटे अभियान चलाया। अभियान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गऊ घाट से पीपे वाले पुल तक गोमती नदी की तलहटी से विधिवत सफाई करने की मांग उठाई।

### सरोजिनी नायडू पार्क में पेंशनर्स का धरना कल

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर 21 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में पेंशनर्स धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन अधिकारियों को देंगे। सरोजिनी नायडू पार्क स्थित बीएन सिंह प्रतिमा स्थल पर अपरान्ह 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष अंगद सिंह और मंत्री आरसी उपाध्याय ने अधिक से अधिक पेंशनर्स से भागीदारी की अपील की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा और महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने बताया कि 8वें वेतन आयोग में पुराने पेंशनर्स को शामिल करने, कोरोना काल के 18 माह के फ्रीज्ड डीए/डीआर का भुगतान, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट बहाल करने समेत कई मांगें लंबित हैं।

### नाटक वो अफसाना का मंचन 3 मई को



**अमृत विचार, लखनऊ:** साहिर लुधियानवी और अमृता प्रीतम की प्रेम कथा पर आधारित चर्चित नाटक वो अफसाना का मंचन आगामी एक मई को एमबी क्लब में किया जाएगा। यह नाटक हुनर क्रियेशन एंड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से मंचित किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव जफर नबी ने बताया कि दिल्ली की नाट्य संस्था राबता की इस पेशकश में दो कलाकार साहिर और अमृता के प्रेम को जीवंत करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोहों और संगीत कार्यक्रमों के आयोजन के बाद एसोसिएशन लम्बे अरसे बाद नाटक मंचित करा रही है। उन्होंने बताया कि दो प्रतिष्ठित हस्तियां जिनके नाम एक साथ जुनून, नि:स्वार्थ स्नेह और एकतरफा प्रेम के साथ ही दोनों के बीच अनकहे लेकिन गहरे बंधन को दर्शाते हैं। प्रमाणित तथ्यों से प्रेरित और व्यापक शोध पर आधारित इस नाटक में उनकी कविताओं और घटनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। शमीर के निर्देशन में प्रस्तुत सुदेश सेठी और जयश्री के संकलित और एडाप्ट किये इस नाटक में अमृता का किरदार डॉ. जयश्री सेठी निभाएंगी।

# कवि पराग को मिला विद्रोही सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** युवा कवि पराग पावन को रविवार की शाम को कैफ़ी आज़मी अकादमी में जन संस्कृति मंच की ओर से रमाशंकर यादव विद्रोही सम्मान से सम्मानित किया गया। मार्क्सवादी आलोचक और समकालीन जनमत के प्रधान संपादक रामजी राय, प्रख्यात कथाकार शिवमूर्ति, कवि कौशल किशोर और आलोचक प्रणय कृष्ण ने सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र तथा 21 हजार रुपये की धनराशि सम्मान के तौर पर प्रदान की। पराग पावन ने बेरोजगार शीर्षक से बाईस कविताएं, चूल्हे की राख आदि सुनाईं। इसके अलावा उन्होंने कुछ और कविताएं भी सुनाईं।

समारोह में समकालीन कविता में प्रतिरोध की परंपरा पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत करते हुए अनुपम सिंह (दिल्ली) ने कहा कि पराग पावन की कविताएं समय बोध व मानव बोध की हैं। समय के साथ परंपरा का मूल्यांकन जरूरी है। इसे हाशिए के विमर्श ने शुरू किया है। मूल्यांकन होगा तभी सार्थक सृजन होगा। रूपम मिश्र (प्रतापगढ़) ने कहा कि पराग मनुष्य पर मनुष्य के भरोसे के कवि हैं। मनुष्य का दुख कविता का आधार है। कवि का काम इसे कला के माध्यम से व्यक्त करना है।



कवि पराग के सम्मान समारोह में विचार रखते वक्ता।

### आत्मकथा दु:ख तो मेरा साथी है लोकार्पित

**अमृत विचार, लखनऊ:** पद्मजा मेमोरियल सेवा संस्थान की ओर से रविवार को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में लेखक अनिल कुमार श्रीवास्तव की आत्मकथा दुख तो मेरा साथी है का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर लेखक ने कहा कि मैं दु:ख से कभी घबराता नहीं हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि दु:ख जीवन का साथी है। शिक्षाविद् श्यामसुन्दर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिलेश श्रीवास्तव चमन, विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र भीष्म, अंशुमान खरे और तेज नारायण राही शामिल हुए। संचालन डॉ. योगेश गुप्त ने किया।



पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार।

### निर्धन कन्या के विवाह को आगे आए चिकित्सक, दान की वस्तुएं, भोजन का खर्च भी उठाएंगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** खालाबाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के चिकित्सकों एवं स्टाफ ने निर्धन कन्या के विवाह की जिम्मेदारी ली है। रविवार को गृहस्थी का सामान दिया गया, सोमवार को विवाह स्थल पर मौजूद रहकर भोजन आदि की व्यवस्था भी करेंगे। रस्तोगी स्वास्थ्य केन्द्र समिति के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि जलालपुर कुटी में बुआ के साथ रहने वाली दीपाली वर्मा और मोहिनपुरवा निवासी साहिल राजपूत का सोमवार को खालाबाजार स्थित स्वर्गीय श्री बेनी राम बाबू राम स्मृति भवन में विवाह होगा। दीपाली के माता-पिता की बचपन में मृत्यु हो गई थी। बुआ ने परचून की छोटी दुकान उसका पाला। साहिल ने भी बचपन में पिता को खो दिया था। मां ने उनका लालन-पालन किया। पढ़ाई के साथ साहिल होजरी कारखाने में नौकरी और पार्ट टाइम कैटरिंग करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर दोनों परिवारों को हरिश्चन्द्र वंशीय समाज की महिला समिति 'सुहासिनी', केन्द्र के चिकित्सकों और स्टाफ ने विवाह के लिए सामान उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। रविवार को परिजनों को गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई। विवाह स्थल और भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी भी समिति ने संभाली है। सोमवार सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले विवाह कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी और समाजसेवी शामिल रहेंगे।



दान की वस्तुओं के साथ चिकित्सक व दीपाली की बुआ व अन्य।

### नाटकीय अंदाज में बच्चों को सुनाईं कहानियां

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ बायोस्कोप की ओर से कैसरबाग स्थित सनतकदा में रविवार को साहस और नारीवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अपूर्वा शाह ने बच्चों के लिए एक रोचक कहानी सत्र आयोजित किया। इस सत्र में फ्रीडम ब्रेड्स और द गर्ल और हू मेक्स मिलियन मिस्टेक्स जैसी गहन शोध पर आधारित बच्चों की पुस्तकों का नाटकीय वाचन प्रस्तुत किया गया। इनमें से कई कहानियों को प्रतिष्ठित सम्मान जैसे जेन एडम्स बाल पुस्तक पुरस्कार और अमेलिया ब्लूमर सूची से सम्मानित किया गया है, जो सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने वाले साहित्य को मान्यता देते हैं। अपूर्वा शाह ने अभिव्यक्तिपूर्ण शैली में इन कहानियों को जीवंत बना दिया। उनकी प्रस्तुति ने बच्चों को अंत तक उत्सुक, सहभागी और प्रसन्न बनाए रखा। इस सत्र ने यह संदेश दिया कि साहस पूर्णता से अधिक महत्वपूर्ण है और हर व्यक्ति की आवाज़ का सम्मान होना चाहिए।

# विकास नगर के 19 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति पर संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के विकास नगर क्षेत्र में हुए अग्निकांड के बाद करीब 19 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति पर खतरा मंडरा रहा है। आग की घटना में 132 केवी नबी कोट नंदना पारेषण उपकेंद्र का दूसरा स्रोत क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे अब पूरे इलाके को केवल 132 केवी खुर्रमनगर पारेषण उपकेंद्र के एकमात्र स्रोत से बिजली दी जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मौजूदा स्थिति काफी संवेदनशील है। यदि खुर्रमनगर उपकेंद्र में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी आती है, तो विकास नगर, खुर्रमनगर और कल्याणपुर के कुछ हिस्सों में बड़ा बिजली संकट खड़ा हो सकता है। अग्निकांड में ओवरहेड 33 केवी लाइन भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। आपूर्ति बहाल करने के लिए लगभग 450 मीटर लंबे तार को बदलना जरूरी है, लेकिन मरम्मत कार्य में कई बाधाएं आ रही हैं। स्टोर से आवश्यक उपकरण समय पर न मिलने और घटनास्थल पर दोबारा झोपड़पट्टी बस जाने से काम प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को दो तार बदले जा सके, लेकिन तीसरे तार के नीचे बनी झोपड़ी के कारण काम रुक गया। ठेकेदार के कर्मचारियों ने झोपड़ी हटाने की बात कही तो स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके चलते शनिवार को मरम्मत कार्य आगे नहीं बढ़ सका। अधिशासी अभियंता पंकज गुप्ता ने बताया कि विकास नगर उपकेंद्र को तीन स्रोतों से बिजली मिलती है, इनमें दो खुर्रमनगर से और एक नबी कोट नंदना पारेषण से। खुर्रमनगर पारेषण उपकेंद्र में खराबी आने से कुछ हिस्सों में बिजली संकट हो सकता है। फिलहाल तारों के खींचने के काम को पूरा कर लिया गया है।

## सिटी डायरी

### महिला चित्रकला शिविर का समापन



प्रमाणपत्रों के साथ कलाकार।

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य ललित कला अकादमी में नारी स्वावलंबन पर आधारित तीन दिवसीय महिला चित्रकला शिविर का रविवार को समापन हो गया। संस्कृति विभाग के कला नवाचार अभियान के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी में आयोजित शिविर के समापन समारोह में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने सभी प्रतिभागी महिला कलाकारों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। अकादमी की सदस्य किरण सिंह राठौर भी उपस्थित रहीं। शिविर में पायल सिंह (इमलिया मऊ), डॉ. शगुफ्ता खानम, मालविका कपूर, मानसी मौर्या, (सभी लखनऊ), डॉ. दुर्गेश नन्दिनी शर्मा (गोरखपुर), भारती प्रजापति (झांसी), प्रिया वर्मा (लखीमपुर खीरी), शिवांगी राज और अंजली वर्मा (सीतापुर), पदमिनी मेहता, वैष्णवी बर्नवाल और आशिता गुप्ता (सभी वाराणसी) तथा पायल चकवर्ती (प्रयागराज) आदि ने प्रदर्शन किया।



महापंचायत को संबोधित करते अनुराग शुक्ला, मंच पर अन्य लोग।

### लव जिहाद के खिलाफ महापंचायत की

**अमृत विचार, लखनऊ:** लव जिहाद के विरोध में रविवार को हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा ने हजरतगंज स्थित पटेल प्रतिमा के पास महापंचायत का आयोजन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जव जिहाद पर कड़ा कानून और त्वरित न्याय की मांग की गई। प्रांत संयोजक अनुराग शुक्ला ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। महापंचायत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना और सख्त कानून लागू करने पर विशेष जोर दिया गया। विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने एकजुटता का संदेश दिया। महिलाओं की सुरक्षा, परिवार में संवाद और युवाओं के मार्गदर्शन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।



आयोजन समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारी।

### नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्त्रीरोग ऑन्कोलॉजिस्टों की उत्तर प्रदेश राज्य इकाई (यूपीएससी एजीओआई) के नए पदाधिकारियों का केजीएमयू में पदभार ग्रहण समारोह और जागरूकता कार्यक्रम हुआ। केजीएमयू के स्त्रीरोग ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. निशा सिंह ने अध्यक्ष पद ग्रहण किया। उन्होंने गर्भाशय कैंसर बढ़ते रुझान और जटिलता विषय पर विस्तृत जानकारी दी। नई कार्यकारिणी में डॉ. अमृत गुप्ता को उपाध्यक्ष और डॉ. अंजू रानी को सचिव बनाया गया। दोनों ने एडनेक्सल मासेस विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में भागीदारी निभाई। वहीं आगरा स्थित एसएन मेडिकल कॉलेज की डॉ. शिखा सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।



शिविर में मरीजों को परामर्श देते चिकित्सक।

### 62 मरीजों की जांच हुई

**अमृत विचार, लखनऊ:** नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन और सेवा भारती ने रविवार को केशव नगर फैजुल्लागंज स्थित ऊंचा टोला के महादेव मंदिर परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें 62 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गईं। डॉ. अक्षय गौतम, डॉ. वर्तिका सिंह, डॉ. विनोद शुक्ला एवं बलरामपुर अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. एमपी सिंह ने मरीजों का परामर्श दिया।

आयोजन

## आल इंडिया इत्तेहाद-ए-मिल्लत कन्वेंशन ने न्यू हैदराबाद स्थित बांदी हाउस में कराया मुशायरा

# दर्द मीरा का प्यासा भजन दर्द ही मीर की है गजल...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आल इंडिया इत्तेहाद-ए-मिल्लत कन्वेंशन की ओर से न्यू हैदराबाद स्थित बांदी हाउस में देश के नामचीन शायरों ने अपनी शायरी से महफ़िल में चार चांद लगा दिए।

वासिफ फारुकी के संचालन में हुए मुशायरे में मंजर भोपाली ने सुनाया, क्या आपको ये रोशनी अच्छी नहीं लगती, क्यों आप चिरागों को बुझाने में लगे हैं। उन्होंने दर्द मीरा का प्यासा भजन दर्द ही मीर की है गजल, दर्द नगमा है जिस साज का दिल वो टूटा हुआ साज है, शेर भी सुनाया।

शबीना अदीब ने पढ़ा, गजल में फूल नहीं दिल के जख्म टाकूंगी, कि शायरा हूं गजल की मैं दस्तकार नहीं। लोगों की मांग पर उन्होंने मशहूर गजल खामोश लब हैं झुकी हैं पलकें दिलों में उल्फत नई-नई है भी सुनाई।

जौहर कानपुरी के ये शेर, मुतमइन तू कि तेरे पांव से कांटा निकला, हम भी खुश हैं कि तेरी कैद से आजाद हुआ। हसन काजमी ने दुनिया भर में मशहूर अपनी गजल खूबसूरत हैं आंखें तेरी रात को जागना छोड़ दे, खुद बखुद नींद आ जायेगी तू मुझे सोचना छोड़ दे, सुनाई, भी खूब पसंद किए गए। मशहूर शायर वासिफ फारुकी का यह अंदाज काबिल-ए-गौर रहा :- जो चाहता था जमाने में सुर्खरू होना, उसे अपने ही घर में जलील होना पड़ा। नौजवान शायर तबरेज राना ने सुनाया :- जीने से यूं तो अच्छा है मर जाना चाहिए, दस्तार के साथ में सर जाना चाहिए। मैं आख़री सिपाही हूं अब अपनी फ़ौज का, जिन्दा नहीं तो लाश ही घर जाना चाहिए। इस मौके पर जस्टिस कमर हसन रिजवी, आल इंडिया इत्तेहाद-ए-मिल्लत कन्वेंशन के अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सिराज मेहदी, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी, शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद, पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व डीजीपी जावीद अहमद, मुईद अहमद, पूर्व चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स एसआर मलिक, आसिम वकार, इंसराम अली, अमीर हैदर, नदीम अशरफ जायसी, अब्दुल मन्नान, पपलू लखनवी आदि की मौजूदगी रही।



मुशायरे में गजल पढ़तीं शबीना अदीब, मंच पर अन्य शायर।

## सिटी ब्रीफ

### नसीम आरिफ़ी उर्दू मीडिया अवॉर्ड्स के लिए नामांकन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीईटीआई फ़ाउंडेशन ने देशभर के उर्दू पत्रकारों से नसीम आरिफ़ी 'उर्दू मीडिया अवॉर्ड्स' के दूसरे संस्करण के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। चेयरमैन एवं संस्थापक प्रबंध न्यासी प्रो. सैयद बशारत अली के अनुसार इस वर्ष 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें से दो पुरस्कार तेलंगाना के पत्रकारों के लिए आरक्षित हैं, जबकि दो अन्य भारत के अन्य राज्यों के पत्रकारों को दिए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार में 15 रुपए की नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। चयनित पुरस्कार विजेताओं को हैदराबाद में आयोजित समारोह में भाग लेने हेतु आने-जाने का हवाई किराया और आवास की सुविधा भी दी जाएगी।

### विद्यालय में प्रबंध समिति का चुनाव हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार नरही स्थित सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव कार्यवाही इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 एवं विद्यालय की प्रशासनिक योजना के अनुसार संपन्न हुई। इसमें डॉ. रागिनी मिश्रा (प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, नरही) को पर्यवेक्षक तथा दिनेश चन्द्र वाजपेयी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव परिणामों में सर्वसम्मति से श्याम नारायण यादव को अध्यक्ष, कमला कान्त सिंह यादव को उपाध्यक्ष, डॉ. ललित कुमार श्रीवास्तव को प्रबंधक, किशन साहू को उप प्रबंधक और विश्वास यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों की देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई।

### लविवि में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 23 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा 23 अप्रैल को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेकर बड़ी संख्या में रोजगार अवसर उपलब्ध कराएंगी। ड्राइव लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर स्थित एपी सेन सभागार में 9 बजे से आयोजित की जाएगी। इस ड्राइव में लगभग 11 प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी, जो 4000 से अधिक पदों पर भर्ती करेंगी। इन कंपनियों द्वारा वित्त, निर्माण, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी एवं सेवा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर नियुक्तियां की जाएंगी। प्रमुख पदों में सीनियर सेल्स ऑफिसर, टेली-कॉलर, मशीन ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, हेल्थकेयर असिस्टेंट, असेंबली ऑपरेटर, टेक्नीशियन, गेस्ट सर्विस एसोसिएट, ट्रेनी शेफ तथा पिकर, पैकर जैसे पद शामिल हैं।

### अतिथि व्याख्यान में मिला वैश्विक कॅरियर का मंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सहयोग से कॅरियर काउंसलिंग विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात मेंटर एवं विज्ञान संप्रेषक डॉ. अनुराग कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में डिप्टी टीपीओ डॉ. दीक्षा मिश्रा की उपस्थिति रही। सत्र का शुभारंभ संयोजक डॉ. ममता शुक्ला के स्वागत उद्बोधन से हुआ। अपने संबोधन में डॉ. ममता शुक्ला ने विद्यार्थियों के समग्र विकास में कॅरियर काउंसलिंग की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक उपलब्धियाँ पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सही मार्गदर्शन, स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर कौशल विकास भी उतने ही आवश्यक हैं। डॉ. अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने विदेशों में उपलब्ध पूर्णतः वित्तपोषित छात्रवृत्तियों, शोध अवसरों और फेलोशिप कार्यक्रमों की जानकारी दी।

# लविवि ओल्ड कैंपस के प्याऊ-वाटर कूलर का पानी खतरनाक!

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रों के परीक्षण में तीन जगह टीडीएस स्तर डेढ़ से ढाई गुना तक मिला अधिक

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस में लगे प्याऊ और वाटर कूलरों का पानी खतरनाक स्तर का मिला है। छात्रों की ओर से किए गए टीडीएस (टोटल डिजॉल्व्ड सॉलिड्स) परीक्षण में टीडीएस स्तर अधिक पाया गया है। छात्र संघ भवन के सामने स्थित वाटर कूलर का टीडीएस का स्तर 518, दर्शनशास्त्र विभाग में 373, साइबर लाइब्रेरी में 497 और कैंटीन में 529 निकला है। छात्रों के अनुसार पीने के पानी में टीडीएस 200 से अधिक नहीं होना चाहिए। छात्रों ने टीडीएस चेक कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया अपलोड है।

इससे अधिक स्तर का पानी न केवल स्वाद में तीखा और कसैला होता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हो सकता है। छात्रों ने इस समस्या को उजागर करने के लिए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। भीषण गर्मी के चलते तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, ऐसे में छात्रों के पास वही पानी पीने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। कई छात्रों ने बताया कि वे हर बार बोतलबंद पानी खरीदने में सक्षम नहीं हैं, जिससे मजबूरी में उन्हें यही पानी पीना पड़ रहा है। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पानी की गुणवत्ता सुधारने की मांग की है, ताकि उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

**क्या होता है टीडीएस**

टीडीएस का पूरा नाम टोटल डिजाल्व सॉलिड (कुल घुलित ठोस पदार्थ) होता है। यह पानी में घुले हुए सभी ठोस पदार्थों की मात्रा को दर्शाता है। जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम, पोटैशियम, लवण, धातुएं और अन्य खनिज। इसे आमतौर पर पीपीएम (पार्ट पर मिलियम) या एमजली लीटर में मापा जाता है। जब पानी जमीन, पाइप या टैंकों से होकर गुजरता है, तो उसमें कई तरह के खनिज और पदार्थ घुल जाते हैं। इन्हीं की कुल मात्रा को टीडीएस कहा जाता है।

**पानी का सामान्य मानक**

- 50-150 पीपीएम : बहुत अच्छा (स्वाद हल्का और मीठा)
- 150-250 पीपीएम : अच्छा
- 250-500 पीपीएम : ठीक-ठाक

**टीडीएस कहां कितना**

- 518 छात्र संघ भवन के सामने स्थित वाटर कूलर में
- 373, दर्शनशास्त्र विभाग में
- 497 साइबर लाइब्रेरी में
- 529 कैंटीन में

### वार्षिकोत्सव में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोहान रोड स्थित मां दुर्गा पब्लिक स्कूल और स्पोर्ट्स एकेडमी में रविवार को वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सांसद खेल महाकुंभ-26 में पदक जीतने वाले एकेडमी के खिलाड़ी रोहन, कृतिका स्वर्णकार, नैंसी रावत, सिमरन और खुशी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया और विशिष्ट अतिथि कवि वेदव्रत वाजपेयी ने पुरस्कार बंटे।

# बॉक्सिंग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ी बने ओवरऑल चैंपियन

## वीकेएस फाउंडेशन मेमोरियल जिला स्तरीय चैंपियनशिप में हॉसिल किए 64 अंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित प्रथम वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन मेमोरियल जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुक्केबाजों ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ की देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग एरिना में किया गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने 64 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। मॉडर्न अकादमी 42 अंकों के साथ उपविजेता रही। समापन समारोह में वीकेएस फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। सीनियर वर्ग में जोश अकादमी की कांति, यूथ वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के स्वयं प्रताप सिंह, मिनी वर्ग में लामार्टिनियर के रूद्रांश जिंदल, सब जूनियर में श्रेयांश शाश्वत शुक्ला और जूनियर वर्ग में मॉडर्न अकादमी के खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ बाक्सर चुने गए। मोस्ट प्रोमिसिंग बॉक्सर के पुरस्कार में मिनी वर्ग में काव्या, सब जूनियर में गौरव गुप्ता, जूनियर में मेधांश श्रीवास्तव, यूथ में जुनाली सिंह बिष्ट और सीनियर वर्ग में सुजीता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के उपाध्यक्ष इशेंद्र पाण्डेय व भुवन चंद्र पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विशाल राज, केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग कोच कृपाशंकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने की और सचिव सहदेव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप की ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी के साथ केडीसिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ी और अधिकारी।

### सीएएल जायंट्स और रॉयल्स रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएएल जायंट्स और सीएएल रॉयल्स ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। ब्लेज विलो मैदान पर खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सीएएल जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.1 ओवर में 9 विकेट पर 178 रन बनाए। ग्लैडिएटर्स की पूरी टीम 135 रनों पर सिमट गई। जायंट्स के सलामी बल्लेबाज आदित्य प्रताप सिंह ने 78 गेंदों में 19 चौकों की मदद से शानदार 100 रन बनाए। ऑफ द मैच हर्षित यादव ने 4.2 ओवर में 2 मेडन के साथ 18 रन देकर 5 विकेट झटके। यश साहनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए दूसरे प्री-क्वार्टर फाइनल में रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 रन बनाए। यूनिकार्न की टीम मात्र 62 रनों पर ऑलआउट हो गई। रॉयल्स की ओर से हर्षवर्धन पंत ने 41 रनों की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच वारिस अली ने चार विकेट हासिल किए।

### 22 को लखनऊ में भिड़ेंगे एलएसजी और राजस्थान रॉयल्स

**अमृत विचार, लखनऊ:** आईपीएल के रोमांचक मुकाबलों के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और राजस्थान रॉयल्स की टीमें सोमवार को लखनऊ पहुंचेंगी। दोनों टीमों के बीच 22 अप्रैल को इकाना स्टेडियम में हाई वोल्टेज मुकाबला खेला जाएगा। आयोजन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, दोनों टीमें मंगलवार शाम को इकाना स्टेडियम में संयुक्त अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगी। एलएसजी के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि टीम अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत का खाता नहीं खोल सकी है। 1 अप्रैल को खेले गए मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने एलएसजी को छह विकेट से हराया था, जबकि 12 अप्रैल को गुजरात टाइटंस ने सात विकेट से मात दी थी। ऐसे में एलएसजी इस बार घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम भी इस मुकाबले को हल्के में नहीं लेगी। टीम फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज है और उसके खाते में चार जीत दर्ज हैं। हालांकि, पिछले दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा है, जिससे टीम जीत की लय में लौटने के लिए बेताब है। टीम के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।



योगासन करते छात्र।

# योग ओलंपियाड में होगा प्रतिभा और संतुलन का संगम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कक्षा 9 व 10 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं ही लेंगे हिस्सा

**अमृत विचार:** प्रदेश भर के माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इसे लेकर शिक्षा निदेशक ने मंडल के राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लिए दिशानिर्देश जारी किया है। राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड 2026 पांच स्तरीय आयोजन किया जाएगा। जिनमें सर्वप्रथम विद्यालय स्तरीय योग ओलम्पियाड आयोजन 21 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद जिला स्तरीय आयोजन 23 अप्रैल को होगा।

मंडल के सभी जिलों से विजेता दो छात्र व दो छात्राओं का चयन किया जाना है। जिनको मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में कक्षा 9 व 10 में अध्ययनरत (14 वर्ष से अधिक व 17 वर्ष से कम आयु वर्ग) छात्र-छात्राएं ही प्रतिभाग करेंगे। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल स्तरीय योग ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन 25 अप्रैल को किया जाएगा।

**इनका होगा प्रदर्शन**

- खड़े होकर किए जाने वाले आसन (जैसे – ताड़ासन, वृक्षासन)
- बैठकर किए जाने वाले आसन (जैसे – पद्मासन, वज्रासन)
- लेटकर किए जाने वाले आसन (जैसे – भुजंगासन, शलभासन)
- संतुलन और लचीलापन दिखाने वाले आसन

> योगासन, प्राणायाम से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य ठीक होने के साथ एकाग्रता भी बढ़ती है। जो छात्र नियमित योगाभ्यास और प्राणायाम करते हैं, उनको परीक्षाओं का तनाव भी नहीं होता और आमतौर पर देखा गया है कि पढ़ाई में भी वह अब्वल रहते हैं।
>
> -डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी





खिलाड़ियों को पुरस्कृत करतीं भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा।

# एमएमए नेशनल चैंपियनशिप में पृथ्वी श्रिया, सागर, बबिता और अभय जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उज्बेकिस्तान में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे

**अमृत विचार:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित एमएमए (मिक्स मार्शल आर्ट्स) स्पोर्ट्स फेडरेशन ने दूसरी नेशनल चैंपियनशिप का रविवार को आयोजन किया। इसमें 77 किग्रा भार वर्ग में पृथ्वी तोमर ने स्वर्ण पदक जीत कर भारतीय टीम में जगह पक्की की।

इसके अलावा श्रिया साटम, सागर, बबिता, अभय कहार, पार्थ लांगडे, अचिंतो और काविन ने भी शानदान प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। ये खिलाड़ी उज्बेकिस्तान में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर एमएमए के नेशनल प्रेसिडेंट निखिल कुंद्रा, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट आशुतोष प्रताप तथा एशियन एमएमए की डिप्टी डायरेक्टर जनरल जेन भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय प्रताप, अर्पणा यादव, समरेंद्र प्रताप सिंह और सुबोध कौल उपस्थित रहे।

### एकलव्य, अनुज, ओम और उदय मुख्य ड्रॉ में

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस एकेडमी के कोर्ट्स पर खेली जा रही एक लाख रुपये की इनामी राशि वाली आइटा पुरुष टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग दौर में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया। रविवार को खेले गए मुकाबलों में यूपी के एकलव्य सिंह, अनुज कुमार, ओम यादव और उदय कौल ने जीत दर्ज कर मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की कर ली। मुख्य ड्रॉ के मुकाबले सोमवार से शुरू होंगे। पुरुष एकल के क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में एकलव्य सिंह ने अपने ही राज्य के अभिषेक यादव को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराया। अनुज कुमार ने दिल्ली के वंश को 6-2, 6-2 से मात देकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। यूपी के ओम यादव और गुजरात के देवराज गोहिल के बीच मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें ओम ने 7-5, 6-4 से जीत हासिल की। वहीं उदय कौल ने रोहिन राज को 6-0, 6-1 से हराकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

## सिटी डायरी



बैटिंग करते कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय।

### मैत्रीपूर्ण मैच में एकेटीयू विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में एकेटीयू इलेवन और मीडिया इलेवन के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। 15-15 ओवर के इस मुकाबले में एकेटीयू इलेवन ने मीडिया इलेवन को 63 रनों से हराया। टॉस जीतकर मीडिया इलेवन के कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया और एकेटीयू इलेवन को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एकेटीयू इलेवन की शुरुआत कुंदन और सिद्धार्थ यादव ने की। सुबह की ओस के कारण शुरुआती ओवरों में गेंद बल्ले पर आसानी से नहीं आ रही थी, इसलिए दोनों बल्लेबाजों ने संयम से खेलते हुए सिंगल्स पर ध्यान दिया। इसके बाद कुंदन ने आक्रामक रुख अपनाते हुए 24 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें पांच छक्के और दो चौके शामिल रहे। सिद्धार्थ यादव ने भी तीन जीवनदान का लाभ उठाकर 48 रनों की अहम पारी खेली।



बैंड प्रस्तुति देते सीएमएस छात्र

### सीएमएस में बैंड प्रतियोगिता हुई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा अन्तर-विद्यालयी बैण्ड प्रतियोगिता 'इकोज ऑफ वैलर-2026' का आयोजन हुआ। 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रतियोगिता में सीएमएस के विभिन्न कैम्पसों के अलावा कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल के रत्न संजय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मास्टर ईशान की मधुर बांसुरी वादन प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। प्रतिभागी छात्रों ने मार्च पास्ट, बैण्ड प्रस्तुतिकरण, ड्रिल एवं फार्मेशन का अद्भुद नजारा प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागी छात्रों के उत्साह, अनुशासन एवं समन्वय की प्रशंसा की।



शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राएं।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बीटेक बायोटेक्नोलॉजी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत करियर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का दौरा किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न चिकित्सकीय विभागों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्डियोलॉजी विभाग में छात्रों को हृदय की कार्यप्रणाली तथा सामान्य जांच प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने ईसीजी की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा कि यह किस प्रकार हृदय की विद्युत गतिविधियों को रिकॉर्ड कर हृदय की अनियमितताओं की पहचान में सहायक होता है।



रक्तदान करते हुए युवक, साथ में मौजूद अन्य लोग।

### 35 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज में अतुल चंद्र अग्रवाल की पंचम पुण्यतिथि पर रेड क्रॉस सोसायटी एवं केजीएमयू ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। महानगर महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया। भारत भूषण गुप्ता, सतीश अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, अनुराग साहू, सुदर्शन कटियार, मंडल अध्यक्ष रमन निगम, गगन श्रीवास्तव, पारस जैन, योगेन्द्र पांडेय, राकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## ताजा की यादें

### विश्वविद्यालय में किया गया एलुमिनाई मीट का आयोजन

# भाषा विश्वविद्यालय की प्रगति देख पूर्व छात्र गदगद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व छात्र-छात्राएं जुटे। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय की प्रगति देखकर खुशी प्रगट किया और विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सायमा अलीम ने एलुमनाई नेटवर्क को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पूर्व छात्र संस्थान की पहचान और विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। डॉ. सुमन कुमार मिश्रा ने विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उसकी उपलब्धियों, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।



ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हुए एलुमिनाई मीट में पूर्व छात्र और छात्राएं।

डॉ. आर.के. त्रिपाठी ने फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के महत्व और उद्योग से जुड़े कौशलों के विकास पर विशेष बल दिया। एलुमनाई समिति के प्रतिनिधि डॉ. तस्लीम जमाल ने एलुमनाई नेटवर्क की गतिविधियों एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय से जुड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. शान-ए-फातिमा द्वारा विद्यार्थियों एवं एलुमनाई के बीच संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने करियर, उच्च शिक्षा और उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे।

वहीं, डॉ. इमरान ने एलुमनाई कनेक्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ज्ञान, अवसर और सहयोग का सशक्त माध्यम बताया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए पेशेवर जीवन की चुनौतियों और सफलताओं के बारे में बताया। पूर्व छात्रों में प्रमुख रुप से डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. बबली डॉली, दिगाश, अमन कुमार, डॉ. मयूर, राहुल समेत शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।